06/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज राजभवन, ईटानगर में प्रो. तोमो रीबा द्वारा लिखित **‘बर्ड्स आर पोयम्स; 100 नैरेटिव पोयम्स’** नामक पुस्तक का विमोचन किया। प्रो. तोमो रीबा अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, पासीघाट के कुलपति हैं। प्रो. रीबा की उनके साहित्यिक योगदान के लिए सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह पुस्तक काव्यात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रकृति के सबसे अनमोल उपहारों में से एक पक्षियों के महत्व को खूबसूरती से उजागर करती है। उन्होंने कहा कि यह संग्रह ईकॉसिस्टम में पक्षियों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा और प्रकृति में प्रत्येक जीवित प्राणी के महत्व को रेखांकित करेगा। राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि पुस्तक पाठकों को इन पंख वाले अजूबों की सराहना करने और उनकी संरक्षण के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य के स्वदेशी बोलियों को बढ़ावा देने के लिए पुस्तक का स्थानीय भाषाओं में अनुवाद किया जाना चाहिए।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज राज्य के किक-बॉक्सर को बधाई दी, जिन्होंने नई दिल्ली में आयोजित चौथे वाको इंडियन ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग टूर्नामेंट में 3 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य सहित 10 पदक जीते हैं।

अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से श्री मेन ने स्वर्ण पदक विजेता रॉबिन देओरी, तासोन एक्के और चामचाक मोसांग, रजत पदक विजेता किशोर थापा, जीपे लोम्बी, बिशाल मुरा और सोरीता श्रेष्ठा एवं कांस्य पदक जीतने के लिए रांतू सोनोवाल, वांगजॉय कुंगखो और वांगहिम ङायमोंग को बधाई देते हुए, इन चैंपियन्स को तैयार करने के लिए कोच गोपाल मोरान को विशेष धन्यवाद दिया।

0000000000000000000

आरूणाचल फिल्म फेस्टिवल का दसवां संस्करण आज टी.एन.जी सिनेमास ईटानगर में शुरू हुआ। फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन राज्य के शिक्षा, आर.डी एवं पर्यटन मंत्री पी.डी सोना ने किया। इस अवसर पर उन्होने राज्य सरकार के आई.पी.आर विभाग एवं अरुणाचल फिल्म फेडरेशन द्वारा आयोजित फेस्टिवल की प्रशंसा की। उन्होंने 2024-25 को युवा वर्ष के रूप में घोषणा पर जानकारी प्रदान करते हुए राष्ट्र और राज्य के निर्माण में युवाओं के महत्वपर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अरूणाचल फिल्म फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. तेची उपेन तारा ने राज्य के सभी फिल्म निर्माताओं से इस महोत्सव में हिस्सा लेने और फिल्मों पर आधारित कार्यशालाओं से सीख लेने की अपील की।

0000000000000000000

राज्य की महिला एवं बाल विकास तथा सांस्कृतिक मामलों की मंत्री दासांगलू पुल ने कल अंजाओ जिले के तिनाई में मेयोर जनजाति के 17वें Lha-Chhuth त्योहार के दौरान **मेयोर बोली** की 6 **पिक्टोरीअल ग्लोस्सेरी पुस्तकों** का विमोचन किया। इस अवसर पर

श्रीमती पुल ने राज्य की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए मातृभाषाओं को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मातृभाषा केंद्र RIWATCH की शोध टीम और मेयोर समुदाय की उनके प्रयासों के लिए सराहना की। ये पुस्तकें RIWATCH मातृभाषा केंद्र (RCML) की पहल के तहत **'थाईचू निंग मेयोर लाई लिंग चाई जिसका अर्थ है आइए मेयोर सीखें'** थीम के तहत प्रकाशित की गई हैं।

0000000000000000000

डिस्ट्रिक्ट लिगल मेट्रोलॉजी एवं उपभोक्ता मामले विभाग, तवांग द्वारा इंस्पेक्टर लिगल मेट्रोलॉजी केसांग ताशी के नेतृत्व में अधिकारियों की एक समर्पित टीम के साथ लुंगला सब डिविजन के तहत मनपथ मार्केट और ज़ेमिथांग क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, कई व्यापारियों को लिगल मेट्रोलॉजी अधिनियम, 2009 और पैकेज्ड कमोडिटीज नियम, 2011 का उल्लंघन करते पाया गया। इसके तहत कुल नौ अपराधियों पर अधिकतम खुदरा मूल्य (एम.आर.पी.), पैकेजिंग की तारीख और पैकर्स का पता बिना पहले से पैक की गई वस्तुओं को बेचने के लिए मामला दर्ज किया गया, जो कानून के तहत दंडनीय अपराध है। कानूनी मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए, विभाग ने सार्वजनिक जागरूकता सत्र भी आयोजित किए।

0000000000000000000

जवाहर नवोदय विद्यालय, नाफरा में कल वेस्ट कामेंग उपायुक्त आकृति सागर एवं पुलिस अधीक्षक सुधांशु धामा द्वारा एक मोटिवेशनल और काउंसेलिंग सेशन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जेएनवी, नाफरा के विध्यार्थियों को उनके लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर उनका मार्गदर्शन करना था। सेशन के तहत विपरीत परिस्थितियों में सेल्फ़-डिसिप्लिन एवं कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने विध्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने और निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

0000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने आज और कल के लिए अरुणाचल प्रदेश के पंद्रह जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। आकाशवाणी समाचार से खास बातचीत में IMD की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सोमा सेन रॉय ने बताया कि, अरुणाचल प्रदेश और पूर्वी असम में आने वाले 2 दिनों में गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। शनिवार से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में एक नया पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है।

0000000000000000000